भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1303
उत्तर देने की तारीख: 10.02.2020

लापता विश्वविद्यालय छात्र

†1303. कुंवर दानिश अलीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों के लापता होने के कितने मामले दर्ज किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा अभी तक क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और देश में कितने विद्यार्थी अभी भी लापता हैं; और

(घ) गायब होने के क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यह सूचित किया है कि उनके द्वारा इस तरह का कोई डेटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है। हालांकि, लापता छात्रों के 3 मामले यूजीसी के सामने आए हैं, जिनमें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), केंद्रीय पंजाब विश्वविद्यालय और असम विश्वविद्यालय प्रत्येक में से एक-एक मामला हैं। जेएनयू के श्री नजीब अहमद, केंद्रीय पंजाब विश्वविद्यालय के श्री मनोरंजन साहू और असम विश्वविद्यालय के श्री रूपज्योति दास क्रमशः अक्टूबर, 2016, जून, 2019 और मई, 2017 से लापता हैं। इन छात्रों के संबंध में एफआईआर / मिसिंग रिपोर्ट दर्ज की गई है।

विश्वविद्यालय, एक केंद्रीय अधिनियम, एक प्रांतीय अधिनियम या एक राज्य अधिनियम के तहत स्थापित या शामिल किए गए स्वायत्त निकाय हैं और अपने स्वयं के तंत्र के अनुसार विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक मामलों में कार्रवाई करने के लिए सक्षम हैं और स्थानीय प्रशासन से, अगर यह उचित समझा जाता है, मदद लेते हैं।

इसके अलावा, यूजीसी ने विश्वविद्यालयों के उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई) के परिसरों और छात्रों की सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश भी बनाए हैं। यह दिशानिर्देश https://www.ugc.ac.in/pdfnews/4006064_Safety-of-Students-Guidelines.pdf पर उपलब्ध हैं।

*****